आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, वीरवार 06 फरवरी 2025

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# सऊदी अरब, कतर और इंग्लैंड में गुजारे 12 साल

## फिर अमेरिका का सफर, हैरान कर देगी डिपोर्ट होकर लौटे जसपाल की कहानी

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** अमेरिका से डिपोर्ट होकर अमृतसर के श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचा जसपाल सिंह करीब एक माह पहले ही डंकी लगाकर अमेरिका पहुंचा था। एजेंट के माध्यम से वह करीब दो साल तक 30 लाख रुपए खर्च कर इंग्लैंड गया था।

वहां से वह एक माह पहले डंकी लगाकर अमेरिका चला गया। फिलहाल जसपाल घर नहीं पहुंचा है। स्वजन उसका इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि उसके जल्द ही घर पहुंचने की उम्मीद है।

जसपाल की मां शिंदर कौर बेटे के सही सलामत लौट आने को लेकर परमात्मा का शुक्रिया करते नहीं थक रही हैं। जसपाल सिंह (36) निवासी हरदोरवाल, हाल निवासी सानन कॉलोनी, रेलवे रोड फतेहगढ़ चूड़ियां को अमेरिका में अवैध तौर पर रहने के कारण डिपोर्ट कर भारत भेजा गया है।



### खबरों से चला पता

मां शिंदर कौर ने बताया कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि उनके बेटे को अमेरिका से डिपोर्ट कर दिया गया है। खबरों से ही इस बात की जानकारी मिली कि अमेरिका से डिपोर्ट होने वालों में उनका बेटा भी शामिल है। उन्हें बस इस बात की खुशी है कि वह सही सलामत घर लौट रहा है। इसके लिए वह परमात्मा की शुक्रगुजार है। उनका कहना है कि बाकी बातें बाद की हैं, वह केवल अपने बेटे की सलामती को लेकर खुश हैं। घर में जसपाल की पत्नी गुरप्रीत कौर, बेटा दिलप्रीत सिंह और बेटी अर्शदीप सिंह हैं। उसके पिता नरिंदर सिंह की कुछ समय पहले मौत हो चुकी है। वह परिवार के अच्छे भविष्य के लिए अमेरिका गया था। उसका भाई जिंदर सिंह एसजीपीसी में काम करता है।

### परिवार के सपने टूटे

जसपाल सिंह के चाचा के बेटे जसबीर सिंह ने बताया कि जसपाल एक माह पहले ही अमेरिका पहुंचा था। उन्हें खबरों के माध्यम से ही पता चला कि उसे डिपोर्ट कर दिया गया है। अमेरिकी सरकार की नीतियों के कारण बड़ी संख्या में युवकों को डिपोर्ट किया गया है।

बड़े दुख की बात है कि जसपाल को लौटना पड़ा है। फिलहाल वह कब घर पहुंचेगा, इसकी कोई जानकारी नहीं है। जसपाल के साथ परिवार की कोई बात भी नहीं हुई है।

उन्होंने बताया कि पंजाब के कई युवक लाखों सपने लेकर विदेश जाते हैं। घर व परिवार के लिए कई सपने सजोए हुए होते हैं जो आज पूरी तरह से चकनाचूर हो गए। डिपोर्ट होकर आने वाले सभी युवकों के घरों में मायूसी छाई हुई है। उसने बताया कि जसपाल के तीन एकड़ जमीन थी, जिसमें दो एकड़ बेचकर वह इंग्लैंड गया था। वह इंग्लैंड जाने से पहले 8 साल साउदी अरब और 4 साल तक कतर में भी रह चुका है।

## घर का इकलौता... टूरिस्ट वीजा पर गया यूरोप... डौंकी रूट से अमेरिका पहुंचा नवांशहर का मनप्रीत

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** अमेरिका से निर्वासित किए गए 104 भारतीयों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान बुधवार (5 फरवरी) को श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंड हुआ। अमेरिका में गैर कानूनी ढंग रह रहे भारतीयों में पंजाब के 30 लोग थे, जो अब भारत लौट आए हैं। उनमें पंजाब के नवांशहर



जिले के 2 युवक भी शामिल हैं। उनमें से एक की पहचान नवांशहर के गांव सिंबल मजारा निवासी मनप्रीत सिंह (26) के रूप में हुई है, जबकि दूसरा युवक सावन बंगा के गांव लड़ोआ का रहने वाला बताया जा रहा है। हालांकि उसके बारे में नवांशहर पुलिस को कोई ठोस जानकारी नहीं मिली है। सावन जिस गांव का रहने वाला बताया जा रहा है, उस गांव में सावन नाम का कोई नौजवान ही नहीं है।

वहीं, अमेरिका से डिपोर्ट हुए नवांशहर की तहसील बलाचौर के गांव सिंबल मजारा का मनप्रीत सिंह पिछले वर्ष दिसंबर में यूरोप का वीजा लगवाकर माल्टा पहुंचा था। वहां से वह किसी तरह से अमेरिका में डौंकी रूट के जरिये घुसा था। मनप्रीत सिंह गांव सिंबल मजारा के अवतार सिंह और कुलदीप कौर का एकलौता बेटा है। अभी उसकी शादी नहीं हुई है। अपने सुनहरे भविष्य की उम्मीद में ही मनप्रीत विदेश गया था। पिछले करीब 20 दिन से मनप्रीत का परिवार से कोई संपर्क नहीं हुआ था।

मनप्रीत के रिश्ते में लगते मामा रणजीत सिंह ने बताया कि मनप्रीत यहां से तो यूरोप का वीजा लगवाकर घूमने गया था। वहां से वह आगे कैसे पहुंचा इस बारे में तो उसके वापस घर पहुंचने के बाद ही पता चल पाएगा। रणजीत सिंह ने बताया कि उसके कुछ दोस्त अमृतसर मनप्रीत को लेने गए हैं।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 :

# इस बार बीजेपी की बल्ले बल्ले

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** दिल्ली में 5 फरवरी को सभी 70 विधानसभा सीटों पर वोट डाले गए। वोटिंग से पहले चुनाव प्रचार में आम आदमी पार्टी और बीजेपी ने धुआंधार प्रचार किया। आज सुबह 7 बजे वोटिंग शुरू हुई, जो शाम 6 बजे खत्म हुई। शाम 5 बजे तक करीब 58 फीसदी मतदान हुआ। मतदान का समय खत्म होते ही एक्जिट पोल के नतीजे आ गए। सभी एक्जिट पोल में बीजेपी की सरकार बनती दिखाई दे रही है। पढ़िए किस एक्जिट पोल ने क्या अनुमान इस बार जताया है। दिल्ली में मतदान के बाद एक्जिट पोल के जो नतीजे आए, उनमें जागरण महापोल ने आप को 23 से 27 सीटें, बीजेपी को 41 से 45 सीटें और कांग्रेस को 0 से 1 सीटें मिलने की बात कही है।

**चाणक्य स्ट्रैटजी** ने आप को 25 से 28 सीटें, बीजेपी को 39 से 44 सीटें, कांग्रेस को 2 से 3 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। वहीं कांग्रेस को भी 2 से 3 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है।

**पीपुल्स पल** ने आप को 10 से 19 सीटें, बीजेपी को 51 से 60 सीटें मिलने की बात कही है। वहीं कांग्रेस को एक भी सीटें न मिलने का अनुमान लगाया है।



**पी मार्क** ने आप को 21 से 31 सीटें मिलने की बात कही है। वहीं बीजेपी को 39 से 49 सीटें पाकर बहुमत से सरकार बनाने का अनुमान लगाया है। जबकि कांग्रेस को एक जीरो सीटें मिलने की बात अपने सर्वे में कही है।

**जेवीसी** ने आप को 22 से 31 सीटें, बीजेपी को 39 से 45 सीटें और कांग्रेस को 0 से 2 सीटें सिलने का अनुमान जताया है।

**मैट्रिक्स** ने आप को 32 से 37 सीटें मिलने का अनुमान जताया है। वहीं बीजेपी को 35 से 40 व कांग्रेस को 0 से 1 सीट मिलने का अनुमान सर्वे में लगाया है।

### 8 फरवरी को आएंगे नतीजे

दिल्ली में आज मतदान से यह तय हो गया है कि अगले पांच साल किसकी सरकार रहेगी। 8 फरवरी को नतीजे आएंगे। इससे पहले लगभग सभी एक्जिट पोल में बीजेपी की बल्ले बल्ले हो गई है। हालांकि आप ने इन एक्जिट पोल के नतीजों को नकार दिया है। साथ ही कहा कि असली नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। आप नेता सुशील गुप्ता ने कहा कुल 70 सीटों में से 36 सीटें पाने पर बहुमत मिल जाता है। इस लिहाज से एक्जिट पोल के लगभग सभी सर्वे में बीजेपी की बहुमत के साथ सरकार बनती दिख रही है।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR
HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा
हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# गैंगस्टर सागर न्यूटन की जेल में मौत

## लुधियाना में प्रदर्शन, मां बोली- पेशी के दौरान मिली थी, तब बिल्कुल ठीक था



**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** हत्या, हत्या के प्रयास सहित लूटपाट के मामलों में गिरफ्तार कर संगरूर जेल भेजे गए गैंगस्टर सागर न्यूटन की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में परिवार का गुस्सा फूट गया। परिवार वालों ने संगरूर जेल प्रशासन और डॉक्टरों पर हत्या करने के आरोप लगा डाले।

सागर न्यूटन को टीका लगाने और जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया गया। परिवार वालों ने पोस्टमार्टम के बाद बुधवार की दोपहर को महानगर के सबसे व्यस्त आरती चौक में शव रख कर प्रदर्शन किया गया। चारों तरफ से चौक पर आवाजाही रोक दी गई। इस कारण लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी और काफी लंबा जाम लग गया।

प्रदर्शनकारियों ने जहां पंजाब सरकार के खिलाफ नारेबाजी की वहीं संगरूर प्रशासन पर कार्रवाई करने की भी मांग की। सूचना मिलने के बाद थाना हैबोवाल, थाना डिवीजन आठ और थाना सराभा नगर की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के सामने परिवार वालों ने मांग रखी कि सागर की पत्नी वंशिका को अंतिम संस्कार में शामिल होने की इजाजत दी जाए। इसके बाद परिवार को आश्वासन दिया गया कि सागर की पत्नी श्मशानघाट में पहुंचेगी, तब जाकर परिवार वालों ने शव वहां से उठाया।


**सागर पर 18 आपराधिक मामले दर्ज :** गैंगस्टर सागर पर करीब 18 आपराधिक मामले दर्ज थे। लगातार वारदातों को अंजाम देकर पुलिस के लिए सिरदर्द बनते जा रहे गैंगस्टर सागर न्यूटन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर पुलिस के उच्चाधिकारियों पर कई तरह के आरोप लगाए थे। उसके बाद ही गैंगस्टर सागर न्यूटन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। वह कुछ समय से संगरूर की जेल में बंद था। सागर की मां ने बताया कि 21 जनवरी को उसकी एक मामले में लुधियाना पेशी थी, वह उसे मिलकर आई जहां वह बिल्कुल ठीक था। पिछले वीरवार को उसने आपरेशन करवाया था, शुक्रवार को सागर का फोन आया था कि वह ठीक है।

### पत्नी भी जेल में बंद

परिवार ने आरोप लगाया कि सागर की हत्या की गई है, उसकी जांच करवाई जाए। सागर की पत्नी वंशिका को इस शर्त पर काबू किया था कि सागर गिरफ्तार होगा तो उसे छोड़ दिया जाएगा, लेकिन नौ महीने हो चुके हैं उसे नहीं छोड़ा गया। उसकी छोटी बच्ची है। अब प्रशासन को उसे छोड़ देना चाहिए। परिवार वालों ने आरोप लगाया कि वंशिका को छोड़ने के लिए 25 हजार रुपये की मांग की गई है। इस कारण परिवार वालों ने शव रख कर करीब एक घंटे तक जाम किए रखा। पुलिस ने परिवार वालों को आश्वासन दिया कि वंशिका श्मशानघाट में पहुंचेगी तो परिवार वाले प्रदर्शन खत्म कर चले गए। एसीपी गुरदेव सिंह ने बताया कि अदालत के आदेश था जेल प्रशासन की तरफ से वंशिका को श्मशानघाट लाने की इजाजत दी गई है।

### चंडीगढ़ पीजीआई में हुई मौत

सागर के परिवार वालों ने आरोप लगाया कि संगरूर जेल प्रशासन ने उन्हें बताया तक नहीं कि उसकी तबीयत खराब है। उसकी अपने मामा से बात हुई थी उस समय सागर ने बताया था कि उसे पता नहीं कौन सा इंजेक्शन दिया है उसकी टांगे काफी दर्द हैं। अगले दिन उसे संगरूर अस्पताल दाखिल कराया गया, वहां से उसे पटियाला के राजिंद्रा अस्पताल भेज दिया गया और वहां से पीजीआई चंडीगढ़ भेज दिया। संगरूर जेल प्रशासन ने तीन अस्पताल बदल दिए, लेकिन सागर के परिवार वालों को सूचना नहीं दी। चंडीगढ़ पीजीआई में उसकी मौत हो गई तो परिवार वालों को बताया गया।




# 41 लाख का लिया कर्ज... बेची जमीन, US से डिपोर्ट हुआ का मोहाली प्रदीप, सदमे में परिवार

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** अमेरिका (यूएस) से डिपोर्ट किए गए 104 भारतीयों में पंजाब के मोहाली जिले का एक युवक भी शामिल है। बताया जा रहा है कि युवक को विदेश भेजने के लिए परिवार ने कर्ज लिया था। हालांकि वह अवैध तरीके से अमेरिका गया था। मोहाली के लालडू के गांव जडौत का रहने वाला 23 वर्षीय प्रदीप भी अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटा है। प्रदीप के अमेरिका से लौटने पर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार के लोग चिंता में डूबे हुए हैं। वहीं उनका रो-रो कर बुरा हाल है। जहां उन्हें बेटे के वापिस घर पहुंचने का इंतजार है, वहीं सिर पर चढ़े कर्ज की चिंता भी सता रही है। प्रदीप की दादी गुरमीत कौर, मां



नरिंदर कौर उर्फ रानी, पिता कुलबीर ने उदास मन से बताया कि छह महीने पहले उन्होंने जमीन बेचकर और कर्ज लेकर 41 लाख खर्च कर बेटे प्रदीप को अमेरिका भेजा था। अभी वह डौंकी रूट के जरिये अमरिका में घुसा ही था कि बॉर्डर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। परिवार के लोगों का कहना है कि उन्होंने लाखों रुपये खर्च कर प्रदीप को अमेरिका इसलिए भेजा था ताकि वह विदेश में कमाकर कर्ज चुका सके और अपने जीवन को भी बेहतर बना सके, लेकिन अब उसे वहां से डिपोर्ट कर दिया गया है। इस वजह से उनके ऊपर जो कर्ज है उसे कैसे चुकाया जाएगा। परिवार की प्रदीप से जो आस थी वह अब लगभग टूट चुकी है। कर्ज में डूबे परिवार ने भारत और पंजाब सरकार मदद की गुहार लगाई है। प्रदीप के परिवार के सदस्यों का कहना है कि जो कर्च उन्होंने बेटे के लिए लिया था उसे लौटाने और बेटे को देश या प्रदेश में ही रोजगार दिलवाने में मदद की जाए।

# अवैध प्रवासियों को लेकर अमृतसर पहुंचा अमेरिकी विमान, 104 लोगों में 13 बच्चे भी शामिल

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** अमेरिका से अवैध रूप से रह रहे 205 भारतीय प्रवासियों को डिपोर्ट किया गया है। इनमें से 104 लोगों को लेकर स्मिलिट्री का विमान छ्-17 आज अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा है। इन सभी को अमेरिकी अधिकारियों ने देश से निर्वासित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, इन प्रवासियों को अमेरिकी सेना का सी-17 हरक्युलिस विमान लेकर भारत लाया गया है। अमेरिका ने हाल ही में भारत के अलावा ब्राजील, मेक्सिको समेत कई अन्य देशों से आए अवैध प्रवासियों को भी देश से बाहर निकाला है।

अधिकारी ने बताया कि प्लेन में कुल 104 भारतीय हैं जिनमें 13 बच्चे, 79 पुरुष और 25 महिलाएं हैं। इन भारतीयों में से 33 लोग गुजरात से हैं जो अमृतसर एयरपोर्ट के भीतर ही रहेंगे और इन्हें वहीं से सीधे गुजरात भेजा जाएगा। इसके अलावा 30 पंजाब से हैं। दो-दो यात्री उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ से हैं. जबकि तीन महाराष्ट्र से हैं।

अमेरिकी प्रशासन अवैध प्रवास पर लगाम लगाने के लिए कड़े कदम उठा




रहा है। इसी कड़ी में अमेरिका ने भारत में रह रहे कई भारतीयों को अवैध पाते हुए उन्हें देश से निकालने का फैसला किया है। इनमें से अधिकांश लोग पंजाब के रहने वाले हैं।

अमृतसर एयरपोर्ट पर इन प्रवासियों के पहुंचने से पहले से ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इन सभी प्रवासियों की पहचान की जा रही है और आवश्यक कागजी कार्रवाई की जा रही है। अमेरिका ने केवल भारत ही नहीं बल्कि ब्राजील, मेक्सिको समेत कई अन्य देशों से भी अवैध प्रवासियों को निर्वासित किया है। इसके अलावा, जिन लोगों की नागरिकता का सत्यापन नहीं हो पा रहा है, उन्हें ग्वांतानामो बे समेत कई जेलों में रखा जा रहा है।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# न्यू दशमेश नगर में अवैध कॉलोनी पर बवाल, राजनीतिक संरक्षण में हो रहा अवैध निर्माण





**जालंधर( हर्ष शर्मा ):** न्यू दशमेश नगर में अवैध कॉलोनी धड़ल्ले से काटी जा रही है और बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण हो रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह कॉलोनी पार्षद के कार्यालय के सामने ही काटी गई है और इसे राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है।

सूत्रों के मुताबिक, न्यू दशमेश नगर की इस अवैध कॉलोनी में हो रहे अवैध निर्माण की चर्चा पूरे शहर में हो रही है। बताया जा रहा है कि इस कॉलोनी को काटने में एक जूते बनाने वाला व्यक्ति भी हिस्सेदार है, जिसके राजनीतिक लोगों से गहरे संबंध हैं और उसे पूरा संरक्षण प्राप्त है। नियमों के अनुसार, किसी भी कॉलोनाइजर को कॉलोनी विकसित करने के लिए सरकार और प्रशासन से मंजूरी लेनी होती है, लेकिन बिना अनुमति के इस तरह कॉलोनी काटकर सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा समय-समय पर अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई के लिए नोटिस जारी किए जाते हैं, लेकिन उन पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। यही वजह है कि इस कॉलोनी में भी अवैध रूप से ऊंची-ऊंची इमारतें बनाकर उन्हें 30 से 40 लाख रुपये तक बेचा जा रहा है। कुछ साल पहले नगर निगम ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्ती दिखाई थी, लेकिन वह सिर्फ अखबारों और सोशल मीडिया तक ही सीमित रह गई। नगर निगम के भवन विभाग की कथित मिलीभगत के चलते अवैध कॉलोनियों का विस्तार हो रहा है, जिससे सरकार और नगर निगम को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**कॉलोनाइजर मूलभूत सुविधाएं नहीं दे रहे :** अवैध रूप से काटी जा रही इन कॉलोनियों में कॉलोनाइजरों द्वारा किसी भी तरह की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई जा रही हैं। इन कॉलोनियों में न तो बारिश के पानी की निकासी के लिए नालियों का प्रबंध किया गया है और न ही रोशनी, पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं दी गई हैं। नियमों के अनुसार, किसी भी कॉलोनी में कॉलोनाइजर को सड़क, पीने के पानी, रोशनी, और पानी की निकासी जैसी सुविधाएं देना अनिवार्य होता है। इसके अलावा, कॉलोनाइजरों को कॉलोनी काटने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी जरूरी होती है, लेकिन क्षेत्र में ज्यादातर कॉलोनाइजर बिना अनुमति के ही कॉलोनियां काट रहे हैं।

मेयर के दावों पर उठे सवाल

नगर निगम के नए मेयर वनीत धीर ने पद संभालते ही अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था। उन्होंने दावा किया था कि आने वाले महीनों में जालंधर को एक नई पहचान मिलेगी और अवैध निर्माणों पर रोक लगेगी। लेकिन हकीकत इससे उलट नजर आ रही है।


अब देखने वाली बात यह होगी कि नगर निगम और प्रशासन इस मामले में कब तक चुप्पी साधे रहते हैं और क्या अवैध कॉलोनी काटने वालों पर कोई ठोस कार्रवाई होती है या नहीं।






# मोहन भागवत बोले- सभी हिंदू एकजुट हो जाएं, तो इससे दुनिया को फायदा होगा

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि हिंदू समाज तभी फल-फूल सकता है, जब वह एकजुट हो। उन्होंने सभी हिंदुओं को उनकी जाति, क्षेत्र या भाषा से परे एक मानने का आह्वान किया। केरल के पत्तनमथिट्टा में चेरुकोलपुझा हिंदू धार्मिक सम्मेलन के हिस्से के



रूप में आयोजित हिंदू एकता सम्मेलन में भागवत ने कहा कि एकजुट समाज फलता-फूलता है, जबकि खंडित समाज मुरझा जाता है।

**हिंदू एकजुट हो जाएं, तो इससे दुनिया को फायदा होगा** - उन्होंने कहा कि हिंदू होना एक स्वभाव है, जिसमें लोग पढ़ाई-लिखाई का इस्तेमाल ज्ञान बढ़ाने के लिए, धन का इस्तेमाल दान के लिए और ताकत का इस्तेमाल कमजोरों की मदद करने के लिए करते हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि हिंदू धर्म में कोई भी श्रेष्ठ या निम्न नहीं है; जाति कोई मायने नहीं रखती और छुआछूत के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने सभी हिंदुओं से एक-दूसरे का सम्मान करने का आग्रह किया और कहा कि अगर सभी हिंदू एकजुट हो जाएं, तो इससे दुनिया को फायदा होगा।

# देश के साथ गद्दारीः पाक के लिए जासूसी कर रहा था सेना का जवान, चंद रुपयों के लिए ISI को भेजी खुफिया जानकारी

**जालंधर( पंकज शर्मा ):** भारतीय सेना का जवान देश के साथ गद्दारी कर रहा था। जवान ने चंद पैसों के लालच में आकर ऐसी खुफिया जानकारी आईएसआई को भेज दी जिससे देश के लिए खतरा पैदा हो सकता है। हालांकि इस मामले में सैन्य कर्मी अकेला शामिल नहीं है उसके साथ तीन और लोग हैं, जिनमें एक और सेना का ही जवान है और दो प्राइवेट पर्सन हैं।

अमृतसर पुलिस ने पाकिस्तान की एजेंसी आईएसआई के लिए गुप्तचर बनकर काम कर रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों में एक भारतीय सेना का जवान शामिल है। पकड़े गए आरोपियों में अमृतपाल सिंह उर्फ अमृत निवासी चौहला साहिब, राजबीर सिंह निवासी पट्टी, मंदीप सिंह निवासी पट्टी और माधव शर्मा निवासी राजस्थान है। इनमें से आरोपी राजबीर सिंह और अमृतपाल सिंह भारतीय सेना के जवान हैं। आरोपी अमृतपाल को तो गिरफ्तार कर लिया है, जबकि राजबीर



सिंह नासिक में तैनात है और उसकी गिरफ्तार अभी बाकी है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने आधा किलो हेरोइन, 10 लाख रुपये की ड्रग मनी, एक पिस्तौल व वरना कार बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ थाना घरिंडा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएसपी देहाती चरणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी राजबीर सिंह और अमृतपाल सिंह भारतीय सेना में बतौर सिपाही तैनात हैं और वर्तमान में नासिक में ड्यूटी कर रहे हैं। दोनों पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के लिए जासूसी कर रहे हैं। सूचना यह भी थी कि दोनों विभिन्न भारतीय सैन्य ठिकानों के दस्तावेज और नक्शे चंद पैसों के लिए पाकिस्तानी सेना को बेच चुके हैं।

एसएसपी देहाती चरणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी राजबीर सिंह और अमृतपाल सिंह भारतीय सेना में बतौर सिपाही तैनात हैं और वर्तमान में नासिक में ड्यूटी कर रहे हैं। दोनों पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के लिए जासूसी कर रहे हैं।

सूचना यह भी थी कि दोनों विभिन्न भारतीय सैन्य ठिकानों के दस्तावेज और नक्शे चंद पैसों के लिए पाकिस्तानी सेना को बेच चुके हैं।

## घर छुट्टी आया था अमृतपाल सिंह

जांच में पता चला था कि आरोपी अमृतपाल सिंह छुट्टी पर घर आया है और अपने उक्त दो साथी माधव शर्मा और मंदीप सिंह के साथ वरना कार में सवार होकर हेरोइन सप्लाई करने जा रहा है। इसी के तहत ट्रैप लगाया गया। आरोपी वरना कार में सवार होकर आ रहे थे। नाकाबंदी के दौरान आरोपियों को रुकना का इशारा किया, लेकिन आरोपियों ने गाड़ी भगाने की कोशिश की। पुलिस ने इनका पीछा कर आरोपियों को पकड़ लिया। मौके पर ही आरोपियों से आधा किलो हेरोइन, 10 लाख ड्रग मनी और एक पिस्तौल बरामद किया।

## पुलिस टीम नासिक रवाना

एसएसपी ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी अमृतपाल सिंह पिछले एक साल से पाकिस्तान के लिए काम कर रहा है। उधर, पुलिस ने राजबीर की गिरफ्तारी के लिए नासिक टीम रवाना की है। नासिक सेना मुख्यालय को भी इसकी जानकारी दी जा चुकी है। जल्द ही उसे भी पकड़ कर लाया जाएगा। इसके अलावा आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। ताकि पता चल सके कि आरोपी किस तरह की सूचनाएं पाकिस्तानी सेना को दे चुके हैं।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# बाराबती स्टेडियम में भगदड़

## कई लोग घायल; वनडे मैच की टिकट लेने के लिए लोगों में मच गई अफरा-तफरी








### मौके पर पहुंची पुलिस ने लिया एक्शन

यहां तक की उस भीड़ को नियंत्रण करने के लिए पुलिस को काउंटर के पास हल्का लाठी भी चलाना पड़ा है । ऐसी स्थिति में पुलिस को भीड़ नियंत्रण करने में काफी कठिनाइयों का सामना पड़ा है । यहां तक की कटक डीसीपी जगमोहन मीणा और अन्य आला पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया है । वहां पर गर्मी के बावजूद पानी की व्यवस्था न होने के चलते लोग काफी परेशान दिखे। दूसरी ओर ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन यानि ओसीए की ओर से टिकट तमाम व्यवस्था किया गया था।

टिकट खरीदने के लिए प्रमाण पत्र दिखाकर हर एक व्यक्ति दो ही टिकट बिक्री किए जाने की व्यवस्था की गई थी । उस व्यवस्था के तहत काउंटर में टिकट बिक्री 5 और 6 तारीख को तय की गई है । ऐसे में 5 तारीख बुधवार को ही लगभग सभी टिकट काउंटर में खत्म हो गया है । अव्यवस्था और बदहाली के चलते कई लोग बगैर टिकट के निराश होकर लौटते भी नजर आए। हालांकि इस टिकट बिक्री के समय काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ देखने को मिला है । जिनमें से कई महिलाएं अपने परिवार सदस्यों के लिए टिकट खरीदने के लिए आने की बात कही तो अन्य कई महिलाओं ने इस क्रिकेट मैच के बारे में कुछ भी स्पष्ट उत्तर नहीं दे पाए हैं।

ऐसे में इन महिलाओं को कौन लाकर कतार में खड़ा किया है । उस पर कई तरह के सवाल उठ रहा है । इन लोगों को टिकट खरीदने के लिए इस्तेमाल किया गया है । बाद में उसकी कालाबाजारी करने के लिए यह उन्हें योजना के से कतार में खड़े की जाने की चर्चा भी हो रही है ।

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** कटक के बारबती स्टेडियम में भारत एवं इंग्लैंड के बीच 9 फरवरी को सिरीज का दूसरा एकदिवसीय मैच खेला जाएगा। हालांकि आज टिकट काउंटर पर उस समय अफरा–तफरी का माहौल बन गया जब हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई ।भीड़ इतना बढ़ गई कि भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। कुछ लोग बेहोश हो गए। कई लोग घायल हो गए । टिकट खरीदने आए लोगों ने आरोप लगाया है कि पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण इस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई है ।

उल्लेखनीय है कि बारबती स्टेडियम में भारत इंग्लैंड एक दिवसीय क्रिकेट मैच के लिए दर्शकों में काफ़ी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस मैच के लिए बुधवार से काउंटर में टिकट बिक्री शुरू हुई है । टिकट को खरीदने के लिए काउंटर के सामने हजारों की तादाद में लोगों की भीड़ देखने को मिला और इस भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**देर रात से ही टिकट खरीदने के लिए लोग कतार में थे :** 11 हजार 500 टिकट के लिए मंगलवार की रात से ही 10 हजार 500 लोग कतार में थे। जबकि बुधवार की सुबह को और कई हजार लोग कतार में जुड़ जाने के कारण हालात बेकाबू हुई है । हालांकि टिकट बिक्री व्यवस्था में बदहाली को लेकर कुछ लोगों ने सवाल उठाया है । कुछ लोगों के आरोप के अनुसार, वह लोग मंगलवार की रात से ही कतार में खड़े हैं।

लेकिन बुधवार की सुबह को ही आने वाले कुछ लोगों को पुलिस दरियादिली दिखाते हुए बिना कतार में टिकट खरीदने के लिए छोड़ रही थी । जिसके लोगों ने विरोध जताया और उसके चलते हालात बेकाबू हुई ।एक महिला क्रिकेट फैन मोनिका के मुताबिक, सब जगह वीआईपी चल रहा है, यहां पर भी वैसा व्यवस्था चल रहा है । यह व्यवस्था पूरी तरह से बंद हो जो लोग आगे आ रहे हैं उन्हें पहले मौका मिलना चाहिए न कि जो बाद में आए उन्हें पहले मिल जाए । भीड़ इतना बढ़ गई कि भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। कुछ लोग बेहोश हो गए। कई लोग घायल हो गए । टिकट खरीदने आए लोगों ने आरोप लगाया है कि पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण इस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई है ।

### लोगों को टिकट मिलने की आस

कोलकाता से आनेवाली एक छात्रा ईशा के मुताबिक में मंगलवार की देर रात से कतार में खड़ी थी। लेकिन काफ़ी भीड़ और आफरा तफरी के कारण हमे पुलिस ने कतार से बाहर निकाल दिया ।

जिसके कारण हमे टिकट नहीं खरीद पाए हैं और हमें निराश होना पड़ा है। हम उम्मीद लगा रहे हैं कि हमें टिकट मिलेगा और हम यह मैच जरूर देखेंगे। यहां तक की गर्मी के कारण इस भीड़ में रहने वाले राज्य व राज्य के बाहर के कई क्रिकेट प्रेमियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।

कुछ लोग बेहोश होने जैसी स्थिति में नजर आए । उन्हें तुरंत भीड़ से बाहर निकाल कर खुले जगह पर बैठाकर पानी पिलाया गया। भीड़ लगभग सभी काउंटर में काफ़ी ज़्यादा रहा।

### बाराबती स्टेडियम में मची भगदड़

उल्लेखनीय है कि बारबती स्टेडियम में भारत इंग्लैंड एक दिवसीय क्रिकेट मैच के लिए दर्शकों में काफ़ी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस मैच के लिए बुधवार से काउंटर में टिकट बिक्री शुरू हुई है । टिकट को खरीदने के लिए काउंटर के सामने हजारों की तादाद में लोगों की भीड़ देखने को मिला और इस भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### देर रात से ही टिकट खरीदने के लिए लोग कतार में थे

11 हजार 500 टिकट के लिए मंगलवार की रात से ही 10 हजार 500 लोग कतार में थे । जबकि बुधवार की सुबह को और कई हजार लोग कतार में जुड़ जाने के कारण हालात बेकाबू हुई है। हालांकि टिकट बिक्री व्यवस्था में बदहाली को लेकर कुछ लोगों ने सवाल उठाया है । कुछ लोगों के आरोप के अनुसार, वह लोग मंगलवार की रात से ही कतार में खड़े हैं। लेकिन बुधवार की सुबह को ही आने वाले कुछ लोगों को पुलिस दरियादिली दिखाते हुए बिना कतार में टिकट खरीदने के लिए छोड़ रही थी । जिसके लोगों ने विरोध जताया और उसके चलते हालात बेकाबू हुई ।एक महिला क्रिकेट फैन मोनिका के मुताबिक, सब जगह वीआईपी चल रहा है, यहां पर भी वैसा व्यवस्था चल रहा है । यह व्यवस्था पूरी तरह से बंद हो जो लोग आगे आ रहे हैं उन्हें पहले मौका मिलना चाहिए न कि जो बाद में आए उन्हें पहले मिल जाए ।

# पंजाब में Energy Drink समेत इन चीजों पर लगी पाबंदी!

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** पंजाब सरकार नशे के खात्मे के लिए आगे बढ़ रही है, वहीं पंजाब पुलिस भी नशे के खात्मे के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इसी के मद्देनजर संगरूर जिले के गांव खिलरियां में सरपंच ने अपनी पंचायत के साथ मिलकर गांव को नशा मुक्त बनाने के लिए संकल्प लिया है।

### बीड़ी, जर्दा, तंबाकू समेत Sting पर लग गई पाबंदी

गांव के युवा सरपंच ने गांव व ग्राम पंचायत के सहयोग से इन प्रस्तावों को अलग से पंजीकृत करवाया। ताकि इन प्रस्तावों का उल्लंघन करने वालों से प्राप्त धनराशि को सरकार व पंचायत के बीच बांटा जा सके। इस अबूसार अब गांव की दुकानों में किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ नहीं बेचा जाएगा। जैसे बीड़ी, जर्दा, तंबाकू, कूल लिप और साथ ही Sting पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है।



# अमृतसर में पुलिस- आरोपी के बीच मुठभेड़, पिस्तौल छीनकर की फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में घायल

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** अमृतसर में पुलिस की गिरफ्त से भागने की कोशिश कर रहे अपराधी और पुलिसकर्मियों के बीच मुठभेड़ हो गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश कर रहा । हालांकि इस दौरान अपराधी एन्काउंटर के दौरान घायल हो गया है। फिलहाल पुलिस ने घायल आरोपी को काबू करके अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।




जानकारी के अनुसार, छेहर्ता थाने में दर्ज एक मामले में गिरफ्तार आरोपी को पुलिस हथियार बरामद करने के बाद उसे वापस ला रही थी। लेकिन रास्ते में आरोपी जगरूप सिंह निवासी तलवंडी मोहर सिंह पट्टी ने उल्टी करने के बहाने पुलिस की गाड़ी रुकवाई और पुलिसवाले से पिस्तौल छीन ली । जैसे ही आरोपी ने पुलिस पार्टी पर फायर करने की कोशिश की, तो पुलिस ने गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी, जिससे आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गया।

**आवश्यकता** पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247









## नोएडा के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, मौके पर पहुंचा बम निरोधक दस्ता; मचा हड़कंप

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा में कुछ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सुबह कुछ स्कूलों को एक धमकी भरा ई-मेल आया, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। जिन स्कूलों को धमकी दी गई है, उनमें हेरिटेज स्कूल और मयूर स्कूल का नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार, सभी स्थानों पर स्थिति सामान्य है। कई स्कूलों में कक्षाएं पुन: शुरू हो गई हैं।

वहीं सूचना के बाद पुलिस, फायर ब्रिगेड और बम निरोधक दस्ता स्कूलों में पहुंचे और छात्रों को ऐहतियातन सुरक्षित स्थानों पर एकत्रित कर लिया गया है। अब तक किसी भी स्कूल में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है। बम स्कवॉड और अन्य वरिष्ठ अधिकारी स्कूलों में जांच कर रहे हैं। साइबर टीम द्वारा ई-मेल की विवेचना की जा रही है। वहीं पुलिस ने कहा है कि जनता से अनुरोध है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम बनाए रखें।

## दिल्ली चुनाव 2025 : सीलमपुर में मतदान के बीच हंगामा

### BJP ने बुर्के की आड़ में लगाया फर्जी वोटिंग का आरोप

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए चल रहे मतदान के बीच सीलमपुर विधानसभा में मतदाताओं ने हंगामा करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। वोटर्स का आरोप है कि उन्हें वोट डालने नहीं दिया जा रहा है।

दरअसल, सीलमपुर विधानसभा एक मुस्लिम बहुल क्षेत्र है। सुबह सात बजे से दिल्ली की सीलमपुर विधानसभा पर वोट डाले जा रहे हैं। हालांकि, भाजपा ने सीलमपुर में बुर्के की आड़ में फर्जी वोटिंग का आरोप लगाया, जिसके बाद लोगों ने आर्यन पब्लिक स्कूल के पास हंगामा किया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि उन्हें वोट नहीं डालने दिया जा रहा है। वहीं, मौके पर मौजूद पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। बता दें कि सीलमपुर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के जुबैर चौधरी, कांग्रेस के अब्दुल रहमान और भाजपा के अनिल गौड़ के बीच मुकाबला है।2020 के चुनाव परिणामों की बात करें तो आम आदमी पार्टी ने यहां अब्दुल रहमान पर दांव लगाया था। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अब्दुल रहमान ने जीत का परचम लहराया




था। हालांकि, इस बार 'आप' ने वर्तमान विधायक अब्दुल रहमान का टिकट काट दिया था, जिसके बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे।


चुनाव आयोग के मुताबिक, सीलमपुर विधानसभा सीट में पुरुष मतदाताओं की संख्या 100866, महिला मतदाताओं की संख्या 91,266, थर्ड जेंडर 4 और कुल मतदाता 1,92,136 हैं। चुनाव आयोग के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, दोपहर 1 बजे तक करीब 33.31 फीसदी वोटिंग हुई है। इससे पहले सुबह 11 बजे तक करीब 20 फीसदी वोटिंग हुई थी और 9 बजे तक 8.03 प्रतिशत तक मतदान हुआ था।

इससे पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपने बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी और बेटे के साथ मतदान किया। उन्होंने दिल्ली की जनता से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में बाहर आएं और अपना वोट जरूर दें।

## भगवा वस्त्र और हाथ-गले में रुद्राक्ष की माला... PM मोदी ने संगम में डुबकी लगाई

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संगम के त्रिवेणी घाट पर आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने रुद्राक्ष हाथ में ले मंत्रोच्चारण भी किया। पीएम मोदी सुरक्षा घेरे में थे और उन्होंने अकेले ही स्नान किया, कोई गणमान्य व्यक्ति उनके साथ नहीं था।

प्रधानमंत्री स्नान के दौरान भगवा वस्त्र पहने हुए दिखाई दिए। गंगा मैया में डुबकी लगाने के बाद उन्होंने भगवान भास्कर को अर्घ्य भी दिया। तकरीबन 5 मिनट तक पीएम मोदी ने मंत्र का जाप करते हुए सूर्य पूजा की। इस दौरान सुरक्षाकर्मी उन्हें घेरे रहे। संगम तक वे बोट में बैठकर पहुंचे, उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी थे। दोनों एक-दूसरे के सामने बैठे दिखे। दोनों नेता मोटर बोट में बातचीत करते हुए संगम तक पहुंचे। वहीं, पीएम मोदी के दौरे के दौरान श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो,



इसका खास ख्याल रखा गया। बमरौली एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से अरैल पहुंचे। वहां से बोट से मेला क्षेत्र गए। मोदी के दौरे को देखते हुए मेले की सुरक्षा बढ़ा दी गई। इससे पहले प्रयागराज पहुंचने पर प्रधानमंत्री का स्वागत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने किया। संगम क्षेत्र में पैरामिलिट्री फोर्स भी तैनात की गई है।

मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हैं। मजिस्ट्रेट एवं भारी संख्या में पुलिस बल लगाया गया है। महाकुंभ शुरू होने के बाद पीएम मोदी का यह पहला प्रयागराज दौरा है। उनके दौरे को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 दिसंबर 2024 को प्रयागराज का दौरा किया था। उस दौरान उन्होंने 5,500 करोड़ रुपये की 167 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया था। प्रधानमंत्री इससे पहले 2019 के कुंभ में गंगा स्नान कर सफाईकर्मियों के पांव पखारे थे। बता दें कि महाकुंभ में लगातार श्रद्धालुओं का स्नान जारी है। बसंत पंचमी पर पूरे देश से लोग आए और यहां पर आस्था की डुबकी लगाई।



## बठिंडा को मिला नया मेयर, AAP के पदमजीत सिंह के सिर सजा ताज

**जालंधर( पवन कश्यप ) :** बठिंडा को नया मेयर मिल गया है। आम आदमी पार्टी के पदमजीत सिंह मेहता बठिंडा नगर निगम के नए मेयर चुने गए हैं। पदमजीत सिंह मेहता पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन अमरजीत सिंह मेहता के बेटे हैं। आप के पदमजीत सिंह मेहता को 50 में से 35 वोट मिले। यही कारण है कि वह नये मेयर बन गये हैं। उन्होंने एक अंग्रेजी विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की है। भारत में सबसे युवा मेयर बन गए हैं।

## टोल देने वालों को मिलेगी जल्द राहत, 3000 में सालाना और इतने रुपए में बन सकेगा 'लाइफटाइम पास'

**जालंधर( पवन कश्यप ) :** हाइवे पर टोल चुकाने वालों के लिए राहत भरी खबर है। सरकार जल्द ही आम लोगों के लिए स्कीम लेकर आ रही है। जिससे आपको हाईवे-एक्सप्रेसवे पर बने टोल प्लाजा पर बार-बार टोल टैक्स देने की जरूरत नहीं होगी। एक बार पेमेंट कर आप सालभर तक टोल प्लाजा से गुजर सकते हैं।

जल्द ही आपको मंथली के अलावा सालाना टोल पास बनवाने की सुविधा मिल सकती है। आप चाहे तो लाइफटाइम के लिए टोल पास बनवा सकेंगे। इस




पास की मदद से आप पूरे साल भर बिना किसी रुकावट के नेशनल हाइवेज पर सफर कर सकेंगे। वहीं लाइफटाइम टोल पास के जरिए आप 15 साल तक बिना टोल दिए हाईवे पर गाड़ियां दौड़ा सकेंगे। केंद्र सरकार जल्द ही एनुअल और लाइफटाइम टोल पास की सुविधा लाने जा रहा है। वर्तमान में सिर्फ मंथली टोल पास है। जल्द ही सालाना और लाइफटाइम टोल पास की सुविधा शुरू होने जा रही है। इस पास के चार्जेज क्या होंगे इसके बारे में फाइनल रेट्स सामने नहीं आए हैं, लेकिन पर्स्ताव के मुताबिक एनुअल पास के लिए आपक 3000 रुपये तो वहीं लाइफटाइम टोल पास के लिए आपको 30,000 रुपये चुकाना पड़ सकता है। इस अनुअल या लाइफटाइम टोल पास के लिए आपको कोई नया कार्ड खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी।

फास्टैग के जरिए ही पास को एक्टिवेट कर दिया जाएगा। बता दें कि पिछले दिनों केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने एक इंटरव्यू में टोल देने वाले लोगों को राहत देने की तरफ इशारा किया था।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247






# 'भगवान वेंकटेश्वर की पवित्रता का सवाल है,' तिरुपति मंदिर से 18 गैर हिंदू कर्मचारियों की छुट्टी

**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम, तिरुपति मंदिर की संचालक संस्था ने 18 गैर-हिंदू कर्मचारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इन सभी कर्मचारियों को ट्रांसफर लेने या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प चुनने के लिए कहा गया है। बोर्ड ने कहा कि यह निर्णय अपने मंदिरों और धार्मिक गतिविधियों की आध्यात्मिक पवित्रता को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।



बोर्ड का मानना है कि मंदिर की धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में हिंदू धर्म के अनुयायियों की भागीदारी आवश्यक है। तिरुमला तिरूपति देवस्थानम (टीटीडी) ने 18 कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। इन कर्मचारियों पर आरोप है कि वे टीटीडी के त्योहारों और अनुष्ठानों में भाग लेने के साथ-साथ गैर-हिंदू धार्मिक गतिविधियों में भी भाग ले रहे हैं।

टीटीडी बोर्ड ने हाल ही में एक संकल्प लिया है जिसमें ऐसे कर्मचारियों को दो विकल्प दिए गए हैं- सरकारी विभागों में स्थानांतरित होना, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के माध्यम से बाहर निकलना। टीटीडी कहना है कि धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों की पवित्रता को बनाए रखना है।

# लकवा ठीक करने के लिए बेटे ने मां को पिला दी केरोसिन, 7 दिन बाद मौत

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** भोपाल के गंगा नगर झुग्गी बस्ती में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक 32 वर्षीय बेटे ने अपनी 48 वर्षीय लकवाग्रस्त मां को केरोसिन पिला दिया। बेटे को यह भ्रम था कि इससे उसकी मां ठीक हो जाएगी। लेकिन अंधविश्वास के इस घातक परिणामस्वरूप महिला की हालत बिगड़ती चली गई और एक हफ्ते के अंदर अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

मृतक महिला मंगला बामनेरे एक गृहिणी थीं और उनका बेटा उमेश बामनेरे कबाड़ का काम करता था। 28 जनवरी को मंगला को लकवा मार गया था। उमेश को किसी ने बताया कि केरोसिन पिलाने से लकवा ठीक हो जाता है, इस भ्रम में आकर उसने अपनी मां को केरोसिन पिला दिया।

केरोसिन पिलाने के बाद मंगला की हालत बिगड़ने लगी। उमेश उन्हें एक निजी अस्पताल ले गया, जहां से उन्हें एम्स रेफर कर दिया गया।

एम्स में एक हफ्ते के इलाज के बाद सोमवार को मंगला की मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मंगला के बयान दर्ज किए।



मंगला के बयान के आधार पर कमला नगर पुलिस ने उमेश के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। यह घटना एक बार फिर अंधविश्वास के खतरों को उजागर करती है। जानकारी के अभाव में लिए गए इस गलत फैसले ने एक परिवार को तबाह कर दिया है।

# हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां...

## यूएस से डिपोर्ट भारतीयों के साथ ये कैसा सलूक

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीयों को लेकर विमान सी-17 बुधवार को अमृतसर के श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। विमान ठीक 2 बजकर 15 मिनट पर अमृतसर एयरपोर्ट पर एविएशन क्लब की तरफ लैंड करवाया गया। इसमें 104 भारतीय सवार थे। सभी को हथकड़ी लगाकर अमेरिका सेना की देखरेख में भेजा गया है।

इस विमान ने मंगलवार को अमेरिका के टेक्सास के सैन एंटोनियो से उड़ान भरी थी, जोकि करीब 35 घंटे की उड़ान भरकर अमृतसर पहुंचा। वहीं, विमान पहुंचने से ठीक पहले भारत सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकार भी एयरपोर्ट पर पहुंच गए। इनमें मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर, गृह विभाग, भारतीय सेना सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हैं। विमान के अमृतसर पहुंचने के बाद एविएशन क्लब में ही अमेरिका से आए अधिकारियों और भारत सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मीटिंग की गई। हालांकि मीटिंग किन मुद्दों पर रही, इस पर अभी किसी भी अधिकारी की ओर से पुष्टि नहीं की गई, लेकिन सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने भारत के अधिकारियों के समक्ष अवैध तौर पर आने वाले लोगों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। साथ ही भविष्य में इस पर रोक लगाने के लिए कहा है। इसके अलावा जो एजेंट लोगों को अवैध तरीके से विदेश भेजने का काम कर रहा है। उन पर भी कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

**हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां लगाकर लाए गए सभी भारतीय** - अमेरिका से डिपोर्ट किए गए सभी भारतीयों के हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां डालकर एयरक्राफ्ट में लाया गया। हालांकि अमेरिका सरकार की ओर से इस तरह क्यों किया गया, यह बड़ा सवाल है। भारत सरकार की ओर से भी अभी तक इस पर कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।







### कस्टम व इमीग्रेशन चेकिंग के बाद सभी को भेजा जाएगा घर

वहीं, एयरक्राफ्ट से उतरने के बाद सभी भारतीयों के कस्टम व इमीग्रेशन चेकिंग के लिए भेज दिया गया। उक्त विभागों की ओर से सभी के दस्तावेजों और बैकग्राउंड की चेकिंग की जा रही है, ताकि पता चल सके कि जो भी अवैध तरीके से रह रहे थे, उनके खिलाफ भारत के किसी भी राज्य या शहर में कोई आपराधिक केस दर्ज है या नहीं।

अगर किसी के खिलाफ इस तरह का कोई रिकार्ड पाया जाता है तो उसे तुरंत हिरासत में ले लिया जाएगा और कानून के मुताबिक बनती कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच चल रही है।

### पंजाब सहित कई राज्यों के लोग शामिल

बुधवार को अमेरिका से भारत लाए गए 104 भारतीयों में गुजरात 33, हरियाणा के 34, पंजाब के 30, महाराष्ट्र के तीन, उत्तर-प्रदेश-चंडीगढ़ के 2-2 लोग शामिल हैं। इनमें आठ से दस साल के कुछ बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, अमेरिका सरकार की ओर से कुल 205 लोगों की लिस्ट जारी की गई थी। बाकी के लोग कब आएंगे, फिलहाल इस पर कुछ भी स्पष्ट नहीं है।

# जालंधर में लुटेरों का बढ़ता आतंक

## घर के बाहर बैठी बुजुर्ग महिला को बनाया निशाना

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** जालंधर में चोरी, लूट व स्नैचिंग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। वहीं, अब ताजा मामला थाना 6 के अंतगर्त आते गीता कालोनी से सामने आया है, जहां महिला की बालियां छीनकर स्नेचर फरार हो गए। जानकारी देते हुए बुजुर्ग महिला दर्शना ने बताया कि वह नहाने के बाद घर के बाद धूप सेंकने के लिए घर के बाहर बैठी हुई थी। इस दौरान बाइक सवार 2 युवक उसके पास आए और किसी के बारे में पूछने लगे। इस दौरान युवकों ने कानों से बालियां छीनी ओर मौके से फरार हो गए।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

हालांकि यह सरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि 2 बाइक सवार युवक बिना मुंह ढके महिला के पास आते है। इस दौरान एक युवक महिला के पास जाता है और सुरिंदर नामक व्यक्ति का पता पूछने लगता है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि जिसके बाद वह सरेआम महिला से कानों से बालियां छीन लेता है और दूसरे साथी के साथ बाइक पर बैठकर मौके से फरार हो जाता है।

### जांच में जुटी पुलिस टीम

पीड़ित दर्शना का कहना है कि बाइक पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी हुई है। घटना की सूचना परिवार ने पुलिस को दे दी है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित के बयान दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

